# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉ जिलाबून्दी(राज0)

वाद–पत्र संख्या :–03 / 2021 दायर दिनांकः 11.01.2021

GCMS NO:- 2021/18

पीठासीन अधिकारी :–श्योराम (आर.ए.एस.)

1. छीतरलाल पुत्र रामदेव जाति बागरिया निवासी वार्ड नं0 02 तहसील नैनवॉ जिला बून्दी ।
2. बरजी बाई पत्नी शंकर लाल जाति बागरिया निवासी वार्ड नं0 02 तहसील नैनवॉ जिला बून्दी

– प्रार्थीगण

**बनाम**

भू–स्वामी जर्ये तहसीलदार महोदय, तहसील नैनवॉ जिला बून्दी ।

––अप्रार्थी

**प्रार्थना पत्रः– अंतर्गत धारा 136 आर.टी एक्ट**

उपस्थितिः–

प्रार्थीगण के अभिभाषक श्री ओम प्रकाश गुर्जर।

**निर्णय दिनांक 18.08.2021**

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि करबा नैनवॉ द्वितीय तहसील नैंनवां में भूमि खसरा सं. 2526 / 1 रकबा 08–00 बीघा भूमि स्थित है। जिसमें वर्तमान में दो नम्बर 5769 / 2526 रकबा 4 बीघा व 5255 / 2526 रकबा 4 बीघा बनाये गये है। यह कि प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 में वर्णित भूमि माधो आत्मज कंवरलाल जाति माल निवासी नैनवॉ के खातेदारी की थी जिससे प्रार्थी छीतर लाल ने जर्ये रजिस्टर्ड विकय पत्र दिनांक 15.05.1996 को खरीद कर आधिपत्य प्राप्त कर लिया था जिसके पश्चात प्रार्थी छीतरलाल ने अपनी 4 बीघा अपनी बहन प्रार्थीया सं. 2 बरजी बाई को बैचान कर दी मौके पर आधिपत्य सम्भला दिया जो निम्न नक्शे के अनुसार मौके पर काबिज काश्त है और बाहमी विभाजन हो रहा है। यह कि बिना प्रार्थीगण को सूचित किए एक तरफा रूप से अप्रार्थी ने नक्शे में लाल स्याही से तरमीम कर दी जो मौके की स्थिति के विपरीत है। मौके पर खसरा संख्या 5769 / 2526 व खसरा संख्या 5255 / 2526 बना दिये है। तरमीम नक्शे में कोरमा रोड भी नही बताया गया है जबकि खसरा संख्या 2526 / 1 के बीच में होकर कोरमा रोड निकल रहा है तरमीम में रोड भी नही बताया गया है नक्शा तरमीम से दानों ही खातेदार असंतुष्ट है एवं संयुक्त रूप से नक्शा ट्रेस में संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र पेश कर रहे है मौके की रिपोर्ट मंगलाकर नवीन तरमीम को निरस्त कर पुनः चरण संख्या 02 में वर्णित नक्शे के अनुसार तरमीम की जानी चाहिए। अतः प्रार्थी को अधिकार प्राप्त है कि नक्शा ट्रेस में लाल स्याली से की गई तरमीम को निरस्त कर प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 02 में वर्णित नक्शे के अनुसार नवीन तरमीम की जावे। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में नकल जमाबंदी, नकल नक्शा ट्रेस, खसरा गिरदावरी, विकय पत्र कुषि भूमि एवं शपथ–पत्र, बयान आदि पेश किये।

वाद पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर जवाब / रिपोर्ट तलब किया गया। जवाब सरकार पैरोकार अनुसार ग्राम नैनवॉ द्वितीय के खसरा संख्या 5769 / 2526 रकबा 4 बीघा पर बरजीबाई पत्नी शंकर जाति बागरिया सा देह खातेदार दर्ज है तथा खसरा संख्या 5955 / 2526 रकबा 4 बीघा पर बरजीबाई पत्नी शंकर जाति बागरिया सा श्रीपुरा खातेदार दर्ज है। इनकी तरमीम तत्कालीन पटवारी आईएलआर द्वारा की गई है जो मौके पर तरमीम अनुसार कब्जा नही है।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवॉ (बून्दी)

नजरी नक्शा–

| | |
|---|---|
| 5769 / 2526 / 1 | 5769 / 2526 / 2 |
| 5769 / 2526 / 3 | 5769 / 2526 / 4 |
| 5955/2526/1 | |
| 5955 / 2526 / 2 | |

प्रस्तावित नजरी नक्शा अनुसार खातेदार निम्न अनुसार रहेगा–
खातेदार 1 छीतर पि0 रामदेव कोम बागरिया सा देह खातेदार–

| क.स. | खसरा सख्या | रकबा |
|---|---|---|
| 1 | 5769 / 2526 / 1 | 1 बीघा |
| 2 | 5769 / 2526 / 4 | 1 बीघा |
| 3 | 5955 / 2526 / 1 | 2 बीघा |

खातेदार 1 बरजीबाई पत्नी शंकर कोम बागरिया सा श्रीपुरा खातेदार–

| क.स. | खसरा सख्या | रकबा |
|---|---|---|
| 1 | 5769 / 2526 / 2 | 1 बीघा |
| 2 | 5769 / 2526 / 3 | 1 बीघा |
| 3 | 5955 / 2526 / 2 | 2 बीघा |

प्रस्तावित खसरा संख्या 5769 / 2526, 5955 / 2526 खातेदारी भूमि नैनवॉ से कोरमा जाने वाली पक्की सडक बनी हुई है। सडक के नाम कोई भूमि आवप्त नहीं हुई है।

हमने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, प्रस्तुत रिकॉर्ड दस्तावेज व जवाब सरकार पैरोकार का अवलोकन किया । प्रार्थना पत्र में बहस उभयपक्षकारान सुनी गयी। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। कस्बा नैनवॉ द्वितीय तहसील नैंनवां में भूमि खसरा सं. 2526 / 1 रकबा 08–00 बीघा भूमि जिसमें वर्तमान में दो नम्बर 5769 / 2526 रकबा 4 बीघा व 5255 / 2526 रकबा 4 बीघा बने हुए है के सम्बन्ध में निम्नानुसार प्रस्तावित नजरी नक्शा के अनुसार पुरानी तरमीम को खारिज किया जाकर वर्तमान में मौके पर नजरी नक्शा अनुसार तरमीम दुरूस्ती के आदेश तहसीलदार नैनवॉ को दिये जाते है।

प्रस्तावित नजरी नक्शा–

| | |
|---|---|
| 5769 / 2526 / 1 | 5769 / 2526 / 2 |
| 5769 / 2526 / 3 | 5769 / 2526 / 4 |
| 5955/2526/1 | |
| 5955 / 2526 / 2 | |

प्रस्तावित नजरी नक्शा अनुसार खातेदार निम्न अनुसार रहेगा।
खातेदार 1 छीतर पि0 रामदेव कोम बागरिया सा देह खातेदार–

| क.स. | खसरा सख्या | रकबा |
|---|---|---|
| 1 | 5769 / 2526 / 1 | 1 बीघा |
| 2 | 5769 / 2526 / 4 | 1 बीघा |
| 3 | 5955 / 2526 / 1 | 2 बीघा |

उपखण्ड अधिकारी
नैनवॉ (बून्दी)

तेदार 1 बरजीबाई पत्नी शंकर कोम बागरिया सा श्रीपुरा खातेदार–

| क.स. | खसरा सख्या | रकबा |
|---|---|---|
| 1 | 5769 / 2526 / 2 | 1 बीघा |
| 2 | 5769 / 2526 / 3 | 1 बीघा |
| 3 | 5955 / 2526 / 2 | 2 बीघा |

तहसीलदार नैनवां को निर्देशित किया जाता है कि आदेशानुसार तरमीम की जाकर राजस्व रिकार्ड में नियमानुसार इन्द्राज किया जावे।

निर्णय आज दिनांक 18.08.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां

उपखण्ड अधिकारी
नैनवाँ (बून्दी)

श्रीमान तहसीलदार साहब
नैनवा

LR
31
22/7/21

विषय :- तरमीम निरस्त करने बाबत ।
सन्दर्भ :- तहसीलदार आदेश क्रमांक 3130/LR/21 दि॰ 15/07/2021

महोदय, निवेदन है कि ग्राम नैनवा द्वितीय के ख॰न॰ 5769/2526 रकबा 4.00 बीघा पर बरजीबाई पत्नी शंकर जाति बागरिया सा॰ देह खातेदार दर्ज है तथा ख॰न॰ 5955/2526 रकबा 4.00 बीघा पर बरजीबाई पत्नी शंकर कौम बागरिया सा॰ श्रीपुरा खातेदार दर्ज है। इनकी तरमीम तत्कालीन पटवारी ILR द्वारा की गई है जो मौके पर तरमीम अनुसार कब्जा नही है। वर्तमान मे मौके पर नियमानुसार काबिज है।

नजरी नक्शा -

| | |
|---|---|
| 5769/2526/1 | 5769/2526/2 |
| 5769/2526/3 | 5769/2526/4 |
| 5955/2526/1 | |
| 5955/2526/2 | |

प्रस्तावित नजरी नक्शा अनुसार खातेदार निम्न अनुसार रहेगा।
खातेदार (1) छीतर पि॰ रामदेव कौम बागरिया सा॰ देह खातेदार

| ख॰न॰ | रकबा |
|---|---|
| 5769/2526/1 | 1.00 बीघा |
| 5769/2526/4 | 1.00 बीघा |
| 5955/2526/1 | 2.00 बीघा |

बरजी बाई को बैचान कर दी मौके पर आधिपत्य सम्भला दिया जो निम्न नक्शे के अनुसार मौके पर काबिज काश्त है और बाहमी विभाजन हो रहा है।

क्रमश-02

ार (1) अरजीबाई पत्नी शंकर कौम नागरिया सा. श्रीपुरा खातेदार

| ख.न. | रकबा |
|---|---|
| 5769/2526/2 | 1.00 बीघा |
| 5769/2526/3 | 1.00 बीघा |
| 5955/2526/2 | 2.00 बीघा |

प्रस्तावित ख.न. 5769/2526, 5955/2526 खातेदारी भूमि नैनवा से कोरमा जाने वाली पक्की सड़क बनी हुई है। सड़क के नाम कोई भूमि आवंट नहीं हुई है। रिपोर्ट श्रीमान की सेवा मे पेश है।

प्रकरण में मूल शीट अप्राप्त नहीं हुई है।
19/07/2021
पटवारी नैनवा प्रथम

1067
[illegible]

कार्यालय तहसीलदार (भू०अ०) नैनवाँ
क्रमांक 3812/LR/21 /दिनांक 26/07/21

प्रेषित - श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महो.
मूल ही प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में रिपोर्ट पटवारी संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

तहसीलदार (भू०अ०) नैनवाँ
जिला बून्दी (राज०)

[illegible]
29-7-21